जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 22.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/579)**

## राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी में रेल पथ कार्यो पर प्रस्तुतीकरण

रेलपथ इंजीनियर संस्थान (भारत) द्वारा आज राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी में रेल पथ कार्यों का प्रबंधन आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग विषय व सुरंगों का अभिकल्प, निर्माण व रख–रखाव पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार रेल पथ कार्यों का प्रबंधन आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग विषय पर प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें आउटसोर्सिंग के मुद्दों से संबन्धित चुनोतियों के बारें में पेपर प्रस्तुत कर विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही ट्रैक अनुरक्षण को बेहतर करने में विचारों को रखा गया, इसके अतिरिक्त ट्रैक मशीन ऑवरहोलिंग सुविधा में प्राईवेट इनवेस्टमेंट के कॉन्सेफ्ट व सफलता तथा रेल पथ कार्यो में आउटसोर्सिंग के प्रयोग से गुणवत्ता में सुधार व कार्य क्षमता में बढोतरी के सुझावों पर भी पेपर प्रस्तुतीकरण किया गया।

श्री जैन ने बताया कि रेलवे सुरंगों का अभिकल्प, निर्माण व रख–रखाव विषयों पर प्रस्तुतीकरण में सुरंग निर्माण के डिजाईन के विकल्पों, निर्माण के तरीकों, निर्माण से संबन्धित अनुभवों तथा अनुरक्षणों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा भारतीय रेलवे में पहाडी एवं उच्च क्षेत्रों में सुरंग निर्माण की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया।

जन सम्पर्क अधिकरी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर